मैया तेरे द्वारे बाला जोगी आयो

मैया तेरे द्वारे बाला जोगी आयो,
यशोदा तेरे द्वारे बाला जोगी आयो,
बाला जोगी आयो,एक भोला जोगी आयो,
मैया तेरे ....

अंग भभूत गले मुंड माला शेषनाग लिपटायो,
बाँको तिलक भाल मे चंदा घर घर अलख जगायो,
मैया तेरे .....

ले भिक्षा चली नंदरानी कंचन थाल सजायो,
लो भिक्षा अब जो भी जाओ मेरो लाल डरायो,
मैया तेरे...

ना चाहिए तेरी दौलत दुनिया ना ये कंचन माया,
तेरे लाल का दर्श करा दे मैं बड़ी दूर से आयो,
मैया तेरे....

पंच बेर परिकम्मा करके श्रृंगी नाद बजायो,
'सूर'श्याम बलिहारी यांपे अपनो भाग जगायो,
मैया तेरे.....

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/5885/title/maiya-tere-dawar-bala-jogi-aiyo-yashoda-tere-dware-bala-jogi-aaiyo

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |